प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–रामपुर।

पत्रांक :एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2018–19 / 11531    दिनांक : 8.2.2019

विषय :जनपद में राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि मिशन निदेशक महोदय के पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2018–19 / 04 / 10262 दिनांक 31.12.2018 के क्रम में दिनांक 22.01.2019 से 25.01.2019 के मध्य जनपद रामपुर की विभिन्न चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया जिसमें चिकित्सा इकाईयों में अनेक कमियां पाई गई जिसके सम्बन्ध में रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल निस्तारित करवाने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2018–19 /    तद्दिनांक :

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद रामपुर, उ0प्र0।
2. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि वह स्वयं अथवा संयुक्त निदेशक महोदय स्वयं जनपद की इंगित कमियों को दूर कराने का कष्ट करें।
3. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने अनुभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं में सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का कष्ट करें।
4. सम्बंधित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (नोडल ऑफिसर), जनपद रामुर को इस अनुरोध के साथ कि व्यक्तिगत रूचि लेकर इंगित कमियों को दूर कराना सुनिश्चित करें।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुरादाबाद मण्डल उ0प्र0।
6. मण्डलीय सलाहकार, क्वालिटी एश्योरेन्स, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
7. मण्डलीय सलाहकार, अरबन हेल्थ, मुरादाबाद मण्डल उ0प्र0।
8. जनपदीय सलाहकार, क्वालिटी एश्योरेन्स, जनपद रामपुर उ0प्र0।
9. अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, जनपद रामपुर, उ0प्र0।
10. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रामपुर, उ0प्र0।

(डा0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–आयुष / किशोर स्वास्थ्य

# जनपद रामपुर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

मिशन निदेशक महोदय,एन0एच0एम0 उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2019 से 25 जनवरी, 2019 के मध्य जनपद रामपुर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। भ्रमण आख्या निम्नवत् है–

<table>
<tr><td colspan="3">वी.एच.एन.डी.सत्र– ऑगनबाडी केन्द्र –दबका</td></tr>
<tr><th>अवलोकन बिन्दु</th><th>सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही</th><th>आपेक्षित कार्यवाही का स्तर</th></tr>
<tr><td>बच्चो की बजन, बी0पी0 मशीन, थर्मामीटर, पन्चर प्रुफ बाक्स, यूरिन टेस्ट किट एवं ब्लड टेस्ट किट सत्र स्थल पर उपलब्ध नही था।</td><td rowspan="4">सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने एवं सभी अभिलेख पूर्ण / अद्यतन करने हेतु सुझाव दिया गया।</td><td rowspan="4">ब्लॉक स्तर पर–<br>चिकित्सा अधिकारी / ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक / ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर</td></tr>
<tr><td>कुपोषित बच्चों के परीक्षण के लिये एम0यू0ऐ0सी0 टेप भी उपलब्ध नहीं था, जिससे कुपोषित बच्चों का चिन्हिकरण व बच्चों को एन0आर0सी0 रेफर नहीं किया जा रहा था।</td></tr>
<tr><td>गर्भवती / प्रसूती महिला, लक्षित दम्पत्ति सूची, एच0आर0पी0 सूची आदि उपलबध नहीं थी।</td></tr>
<tr><td>हाई रिस्क प्रेगनेंसी का अलग से रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।</td></tr>
<tr><td>आंगनबाड़ी केन्द्र पर किशोरियों हेतु नीली आयरन की गोलियां उपलब्ध नहीं थी।</td><td rowspan="2">किशोरियों को गोली खिलाने रिकार्ड तैयार करने के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा ए0एन0एम0 का अभिमुखिकरण किया गया ।</td><td rowspan="2">आर0बी0एस0के0 टीम, किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर एवं एमओआईसी</td></tr>
<tr><td>आंगनबाड़ी केन्द्र पर किशोरियों को आयरन की गोलियां पूर्व में भी नहीं खिलाई गई है और न ही कोई रिकार्ड तैयार किया गया था जबकि रजिस्टर उपलब्ध कराये जा चुके है।</td></tr>
<tr><td>ए0एन0एम0 को पीयर एजुकेटर कार्यक्रम के बारे में जानकारी नहीं थी।</td><td>पीयर एजुकेटर कार्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।</td><td>काउन्सलर एवं आर0के0एस0के0 कोऑर्डिनेटर</td></tr>
<tr><td>पीयर एजुकेटर द्वारा अभी तक समुदाय में अपने साथियों के साथ बैठक, किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक्स पर संदर्भन का प्रारम्भ नहीं किया गया है। तथा आशाओं द्वारा भी पीयर एजुकेटर का आवश्यक सहयोग नहीं किया जा रहा है।</td><td>04 पीयर एजुकेटरर्स को बुलाकर मुलाकात की गई तथा उनको बैठक करने एवं संदर्भन हेतु प्रेरित किया गया।</td><td>आशा, ए0एन0एम0 एवं काउन्सलर</td></tr>
<tr><td colspan="3">प्राथमिक्र विद्यालय एवं अपर प्राथमिक विद्यालय – दबका</td></tr>
<tr><td>आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण सत्र का आयोजन कब किया गया है। इसका कोई रिकार्ड विद्यालय में उपलब्ध नहीं था। बच्चों के स्क्रीनिंग कार्ड भी नहीं बनाये गये थे।</td><td>सभी अभिलेख पूर्ण / अद्यतन करने हेतु सुझाव दिया गया।</td><td>प्रधानाध्यापक / बी0ई0ओ / एम0ओ0आई0सी0</td></tr>
<tr><td>प्राथमिक विद्यालय एवं अपर प्राथमिक विद्यालय में पिंक एवं नीली आयरन की गोलियां कब उपलब्ध कराई गई। इसका कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं था।</td><td>उपलब्ध कराई गई गोलियां का रिकार्ड विफ्स रजिस्टर में तैयार किया जाये।</td><td>प्रधानाध्यापक / काउन्सलर / आर0बी0एस0के0 टीम</td></tr>
<tr><td>छात्रों की संख्या के अनुसार विद्यालय में आयरन की गोलिया उपलब्ध नहीं कराई गई।</td><td>छात्रों की संख्या के अनुसार प्राप्त मात्रा में आयरन की गोलियां उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया।</td><td>बी0ई0ओ0 एवं एम0ओ0आई0सी0</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| मेक विद्यालय में एन0डी0डी0 अगस्त राउन्ड लेट एल्बेन्डाजॉल उपलब्ध पाई गई। | अतिरिक्त टैबलेट एल्बेन्डाजॉल को राउण्ड पूरा होने के उपरान्त वापस मंगाने का सुझाव दिया गया। | बी0ई0ओ0 एवं एम0ओ0आई0सी0 |
| छात्रों को नियमित रूप से आयरन की नीली गोलियां नहीं खिलाई जा रही है। | छात्रों को नियमित रूप गोली खाने एवं अध्यापक द्वारा खिलाने के लिए प्रेरित किया गया। | प्रधानाध्यापक / काउन्सलर / आर0बी0एस0के0 टीम |
| नवम्बर 2018 के बाद से विद्यालय के द्वारा विफ्स मासिक रिपोर्ट बी0आर0सी0 को नहीं भेजी जा रही है। | रिपोर्ट बनाने तथा भेजने हेतु अध्यापक को निर्देशित किया गया । | प्रधानाध्यापक / बी0ई0ओ0 / एम0ओ0आई0सी0 |
| **स्वास्थ्य केन्द्र –शहजादनगर, रामपुर** | | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देश के अनुसार आई0ई0सी0 प्रदर्शित नहीं की गयी है। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की कोई व्यवस्था नहीं हे। स्वास्थ्य केन्द्र पर Colour Coded Bins उपलब्ध नहीं थे तथा उपस्थित स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं है। | Colour Coded Bins उपलब्ध कराने तथा अनुबन्धित एजेन्सी द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट सेवाओं को नियमित रूप से प्रदान करने हेतु सुझाव दिया गया। साथ ही समस्त सम्बन्धित स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी देने व बायो मेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण हेतु अभिमुखीकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| चिकित्सालय पर किसी भी आयुर्वेदिक चिकित्सक की तैनाती नहीं है परन्तु स्टोर में आयुर्वेदिक दवायें उपलब्ध थी। | सम्बन्धित ए0पी0एच0सी0 जहां पर आयुर्वेदिक चिकित्सक तैनात हो वहां पर आयुर्वेदिक दवायें स्थानान्तरित करने का सुझाव दिया। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| मो0 राशिद फार्मासिस्ट आर0बी0एस0के0 टीम को पी0एच0सी0 पर सम्बद्ध किया गया है,जिसके कारण यह पिछले 06 माह से अपनी टीम में कार्य नहीं कर रहे है। | सम्बद्धता त्वरित रूप से समाप्त करने का सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 |
| **ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–चमरूवा** | | |
| लेबर रूम मेन सेन्टर उपकेन्द्र में स्थापित है। जिसमें पर्याप्त स्पेस नहीं है। | लेबर रूम को उपकेन्द्र में ही स्टाफ नर्स वाले कमरे में सिफ्स करने के लिए सुझवा दिया गया। क्योकि स्टाफ नर्स रूम पर्याप्त स्थान है। तथा अटैच लैटरीन–बाथरूम भी है। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। जो आई0ई0सी0 उपलब्ध थे वे पुराने थे तथा पर्याप्त नहीं थे। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| | आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| थोलाजी में निःशुल्क जांच का बोर्ड नहीं था। | निःशुल्क जांच हेतु नोटिस बोर्ड पर लिखा होना चाहिए। | चिकित्सा अधीक्षक |
| बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था हेतु अनुबन्धित एजेन्सी द्वारा सेवायें प्रदान नहीं की जा रही है तथा कन्ज्यूमेबिल्स भी उपलब्ध नहीं कराये जा रहे है। बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण किये जाने हेतु पिट की व्यवस्था की गयी है। | अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के अनुरूप कन्ज्यूमेबिल्स की उपलबधता तथा एजेन्सी द्वारा नियमित व सुचारू रूप से बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाये। नियमित फीडबैक देने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में Colour Coded Bins पर्याप्त मात्रा में निर्दिष्ट स्थानों पर उपलब्ध नहीं थे। साथ ही उपस्थित स्टाफ को बायो मेडिकल वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं है। | पर्याप्त मात्रा में Colour Coded Bins समुचित स्थान पर रखने तथा समस्त सम्बन्धित स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी देने व बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण हेतु अभिमुखीकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ब्लाक स्तरीय एवं सर्पोटिव सुपरविजन प्लान उपलब्ध नहीं था, एम0एण्ड0ई0 एवं आर0बी0एस0के0 टीम भ्रमण हेतु उपलब्ध कराये गये वाहन की लाग बुक भरी नहीं जा रही है। | ब्लाक स्तरीय एवं सर्पोटिव सुपरविजन प्लान बनाकर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा भ्रमण सुनिश्चित किया जाये तथा वाहनों की लाग बुक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय पर किसी भी आयुर्वेदिक चिकित्सक की तैनाती नहीं है परन्तु स्टोर में आयुर्वेदिक दवायें उपलब्ध थी। | सम्बन्धित ए0पी0एच0सी0 जहां पर आयुर्वेदिक चिकित्सक तैनात हो वहां पर आयुर्वेदिक दवायें स्थानान्तरित करने का सुझाव दिया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक का साइनेज बोर्ड नहीं लगा था।<br>किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक पर कम्प्यूटर, प्रिन्टर उपलब्ध नहीं कराया गया है।<br>किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक पर उपलब्ध कराये गये ए0एफ0एच0एस0 कार्ड क्लीनिक में बिखरे पड़े हुए थे। | क्लीनिक की दशा में त्वरित सुधार कराने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| आर0बी0एस0के0 टीम एवं काउन्सलर से मुलाकात नहीं की जा सकी क्योकि सभी लोग जनपद पर धरना कर रहे थे। | | |
| पीयर एजुकेटर कार्यक्रम के अन्तर्गत उपकेन्द्र स्तर पर किशोर मित्रता क्लब का निमार्ण नहीं किया गया है। तथा ए0एन0एम0 एवं आशा द्वारा इसकी मासिक बैठक भी नहीं कराई जा रही है। | किशोर मित्रता क्लब का निमार्ण करने एवं मासिक रूप से बैठक करने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – अजीतपुर (ज्वालानगर), रामपुर** | | |
| नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने का समय प्रातः 09:00 से सायं 05:00 बजे तक है, परन्तु पाया गया समस्त तैनात कर्मचारी हड़ताल के कारण केन्द्र पर उपस्थित नही थे मात्र आयुष चिकित्सक डा0 अवन्तिका उपस्थित थी। मिशन | नोडल अधिकारी को समस्त कर्मचारियों से स्पष्टीकरण माँगने एवं सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आगमी 15 दिवस मे बायोमेट्रीक लगवाये | मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| ...शक महोदय द्वारा बायोमैट्रिक मशीन लगाये ...ने ...तु निर्देश दिए जा चुके है, परन्तु केन्द्र पर ...भी तक बायोमैट्रिक मशीन नही लगवाई गयी है। | जाने का निर्देश दिया। | |
| परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ-सफाई कराये जाने व अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधिकारी /नोडल अधिकारी |
| पैथोलाजी में निःशुल्क जांच का बोर्ड नहीं था। | निःशुल्क जांच हेतु नोटिस बोर्ड पर लिखने हेतु अरबनहेल्थ कोऑडिनेटर को निर्देशित किया गया। | नोडल अधिकारी/ अरबनहेल्थ कोऑडिनेटर |
| **जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर** | | |
| परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीक्षक महोदया द्वारा अवगत कराया गया कि मशीनीकृत साफ सफाई नियमित रूप से की जा रही है। | नियमित रुप से परिसर की साफ-सफाई कराये जाने व अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया। प्रतिदिन मशीनीकृत साफ सफाई हेतु सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया साथ ही चिकित्सा अद्यीक्षक महोदय को निविदा में उल्लिखित शर्तो के अनुसार मानीटरिंग प्रपत्र में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर ही भुगतान किये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| एस.बी.ए. प्रोटोकॉल पोस्टर प्रदर्शित किये गये थे परन्तु यथा स्थान नहीं थे। ए.एन.सी., डिलवरी, रिफरेल स्लिप आदि रजिस्टर उपलब्ध थे परन्तु भरे नहीं जा रहे थे। भर्ती रोगियों को नियमित रूप से भोजन दिया जा रहा था। वार्ड में दिये जाने वाले भोजन की जानकारी के विषय में दीवाल लेखन नहीं था। अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध थी। ब्लड बैंक की व्यवस्था पुरुष चिकित्सालय में थी जो उसी परिसर में स्थापित है। जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर में दीवाल लेखन एवं प्रचार-प्रसार सामग्री का अभाव पाया गया। | एस.बी.ए. प्राटोकॉल्स के पोस्टर्स को उचित स्थान पर एवं अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री के प्रदर्शन की आवश्यकता है। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। जो आई0ई0सी0 उपलब्ध थे वे पुराने थे तथा पर्याप्त नहीं थे। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| एस0एन0सी0यू0 में उपलब्ध सभी 04 आक्सीजन कन्सनट्रेटर खराब हैं। कम्पनी द्वारा ए0एम0सी0 के तहत सही नहीं किया जा रहा है | ए0एम0सी0 कान्ट्रेक्ट के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |
| मेनस्ट्रीमिंग आफ आयुष के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय में निर्मित आयुष विंग फर्नीचर इत्यादि हेतु रू0 5.00 लाख की धनराशि से क्रय | आयुष विंग में फर्नीचर इत्यादि हेतु रू0 5.00 लाख की धनराशि से क्रय के सम्बन्ध में उपलब्ध अभिलेखों तथा प्रदत्त | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी। |

| | | |
|---|---|---|
| —निर्देशानुसार नहीं किया गया है तथा सामान उपलब्ध नहीं है। | दिशा—निर्देशों का अवलोकन कर आयुष विंग में तदानुसार आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | |
| किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक बन्द पाई गई। | नियमित रूप से क्लीनिक खुलने हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |

## अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

राज्य स्तरीय टीम द्वारा द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2019 को जनपद रामपुर का भ्रमण कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो की मदवार, भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के कक्ष में की गयी, जिसमें जनपदीय नोडल अधिकारी, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक के साथ अरबन हेल्थ कोऑडिनेटर भी उपस्थित थे। जनपद को प्रत्येक मदो में प्राप्त धनराशि का भौतिक उपलब्धि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए भौतिक उपलब्धि की समीक्षा की गई। त्वरित आवश्य कार्यवाही हेतु करने हेतु निम्न लिखित बिन्दुओं पर सुझाव दिया गया—

1. जिला लेखा प्रबन्धक के साथ प्रत्येक एफ0एम0आर0 कोड के सापेक्ष ब्यय किये जाने के सम्भावित धनराशि का विश्लेषण करते हुए जनवरी एवं फरवरी माह का एक्शन प्लान बनवाया गया।
2. समुदाय आधारित गतिविधियों—किशोर स्वास्थ्य दिवस, किशोर मित्रता क्लब, काउन्सलर मोबिलीटी सपोर्ट परिवार नियोजन, मातृ—मृत्यु समीक्षा, आशा भुगतान, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, अनटाइड फन्ड एवं प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की माह दिसम्बर 2018 तक जिन मदों में भुगतान शून्य अथवा बुक नहीं किया गया है, उन गतिविधियों पूर्ण कराकर शीघ्र भुगतान किया जाय तथा सम्बन्धित एफ0एम0आर0 कोड में बुक कराया जाये।
3. आई0एफ0 ब्लू का व्यय शून्य दर्शाया गया है, इसी प्रकार एन0डी0डी0 ब्लॉक ओरिएन्टेशन अगस्त चरण का व्यय भी मात्र 1.29 प्रतिशत है तथा ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण माह में भी शून्य है।
4. जिला महिला चिकित्सालयों में कायाकल्प योजना के गैप क्लोजर का कार्य अभी अपूर्ण है। शीघ्र पूर्ण कराया लिया जाय।
5. किशोर मित्रता क्लब के अन्तर्गत अभी तक कोई कार्य नहीं कराया गया है।
6. आर0के0एस0के0 कोऑर्डिनेटर रामपुर का कार्य सन्तोषजनक नहीं पाया गया। उनके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाहन सही रूप से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण जनपद में आर0के0एस0के0 कार्यक्रम की प्रगति सन्तोषजनक नहीं है। नोडल अधिकारी से अनुरोध किया गया कि आवश्यक कार्यवाही कर राज्य स्तर पर सूचना उपलब्ध कराये।
7. आर0के0एस0के0 समन्वयक के द्वारा किये जाने वाले अनुश्रवण मद में व्यय शून्य है इनके द्वारा एडवांस टूअर प्लान स्वीकृत कराने के बाद प्रत्येक माह 08 भ्रमण पूर्ण किये जाये। तथा सभी चैकलिस्ट एवं भ्रमण रिपोर्ट जमा करने के उपरान्त भुगतान किया जाये।
8. जिला महिला चिकित्सालय में भी काउन्सलर की मोबिलिटी का भुगतान शून्य है इसे नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराया जाये।
9. जिला महिला चिकित्सालय मे संविदा पर चयनित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 अेविश जहां मेडिकल रिपोर्ट में गर्भवती होने की बात छुपायी गयी, जिसके विषय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका द्वारा मिशन निदेशक का पत्र प्रेषित किया गया है, जिस पर प्राप्त दिशा—निर्देशों के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जायें।
10. जिला महिला चिकित्सालय में बायो मेडिकल बेस्ट के कलेक्शन शेड की जिला स्वास्थ्य समिति में कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त हो जाये।

11. परिवार कल्याण कार्यक्रम में क्लाइण्ट रजिस्टर, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर छपे हुए उपलब्ध नहीं है, शीघ्र उपलब्ध कराये जायें।
12. चमरौआ पी0एच0सी0 पर प्रसव के दौरान भरी जाने वाली नयी केश शीट उपलब्ध नहीं थी। शीघ्र उपलब्ध कराई जाये तथा सम्बन्धित नर्स मेण्टर्स के माध्यम से शीघ्र भरवानी सुनिश्चित करायें।
13. ग्रा0 ठाकुरद्वार ब्लाक चमरौआ की आशाओं द्वारा 102 एम्बूलेन्स के विषय में शिकायत की गई थी। उनके द्वारा दिनांक 17.01.2019 को नसबन्दी क्लाइन्ट को छोड़कर आने के बदले में आशा से 100 रू0 लिये गये तथा धमकी भी दी गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देशित किये जाये के निर्देश दिये गये।
14. ग्रा0 दबका ब्लाक चमरौआ मे वी0एच0एन0डी0 में आवश्यक जांच सामग्री उपलब्ध नहीं थी, ए0एन0एम0 द्वारा गर्भवतियों की कोई जांचे नहीं की जा रही थी। उपस्थित आशा के पास वी0एच0एआई0आर0 अपूर्ण था। ब्लाक चमरौआ की बी0सी0पी0एम0 द्वारा क्षेत्र भ्रमण भी कम किये जा रहे है। सभी को निर्देशित किया गया कि इस कार्य में टी0एस0यू0 का भी पूर्ण सहयोग प्राप्क किया जाये। नियमानुसार कार्य न करने वाली ए0एन0एम0 तथा बी0सी0पी0एम0 को भी चेतावनी दी जाये कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।
15. नोडल अधिकारी अर्बन को अवगत काराया गया कि नगरीय प्रा0स्वा0 केन्द्रों पर अयुष चिकित्साकों की नियुक्ति नियमानुसार नहीं है उनके सम्बन्धित इकाई पर कार्य न करने से आयुष ओ0पी0डी0 में कमी आ रही है। भविष्य में इन चिकित्सकों का वेतन राज्य स्तर से जारी किये जाने में कठिनाई आ सकती है इसलिए इनलको शीघ्र इनकी मूल तैनाती के चिकित्सालयों पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाये।
16. आयुष विंग के अन्तर्गत उपलब्ध कन्टिन्जेन्सी मद से शीघ्र आवश्यक कार्य कराये जायें तथा आयुष औषधियों का नियमानुसार क्रय सुनिश्चित करें।
17. जनपदीय लेखा प्रबंधक, द्वारा ब्लाक भ्रमण नहीं किया जा रहा है। नियमित रूप से भ्रमण करने का सुझाव दिया गया।
18. जनपद के जिन इकाईयों में बायोमेट्रिक नहीं लगी, वहां पर लगाने तथा जहां की मशीने खराब है। उन्हें त्वरित रूप से सही कराने का सुझाव दिया।
19. ई–हास्पिटल इम्पेलिमेंटेशन को लागू करने को निर्देशित किया गया।
20. ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए। भिन्नता की भी जॉच सुधार करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराये जाने का सुझाव दिया गया।
21. प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर अधिकारियों के साथ भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
22. रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर आयोजित नहीं की जा रही हैं। बैठकों का आयोजन नियमित किये जाने का सुझाव दिया गया।
23. आशा शिकायत कमेटी की बैठके नहीं की जा रही थीं। बैठकों का नियमित आयोजन कराये जाने का सुझाव दिया गया।

डा0 हिमांशु आर्य,


सलाहकार ,आयुष।

इन्द्रजीत सिंह,

सलाहकार, आर0के0एस0के0।


(इन्द्रजीत सिंह)
सलाहकार–आर.के.एस.के.
एस.पी.एम.यू.–एन.एच.एम.


# भ्रमण छाया चित्र
















धूम्रपान निषेध क्षेत्र
यहाँ धूम्रपान करना
दण्डनीय अपराध है।



पंजीकरण
REGISTRATION





प्रा.स्वा.केन्द्र-चमरौआ,रामपुर









जिला महिला चिकित्सालय

परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना



सहयोग प्रदान करें

जिला महिला चिकित्सालय रामपुर
सुझाव पेटिका
1 चिकित्सा अधिकारी
2 स्टाफ नर्स
3 वार्ड आया
4 सफाई कर्मचारी
5 गार्ड
